an>

Title: Demand to lay new railway line from Gola to Sahjanpur in Dhaurahra Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**श्रीमती रेखा अरुण वर्मा (धौरहरा):** सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र धौरहरा का जिला लखीमपुर है। लखीमपुर की विधान सभा गोला है, जहां प्रसिद्ध एवं प्राचीन शिव काशी मंदिर है, यह मंदिर शिवकाशी नाम से जाना जाता है। यहां आने-जाने के लिए गोला से सहजानपुर तक कोई भी ट्रेन सुविधा नहीं है। दिल्ली या कहीं भी जाना है तो हम लोगों को पहले सहजानपुर जाना पड़ता है। यह एक तीर्थ स्थल है इसलिए यहां लोगों का आना-जाना बहुत रहता है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि गोला से सहजानपुर तक नई रेल लाइन देने का कष्ट करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।